भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **+1195**

सोमवार, **25** नवम्बर, 2019/**04** अग्रहायण, 1941 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

केरल के लिए एकीकृत पर्यटन सर्किट

+1195. श्री हिबी ईडनः

एडवोकेट ए॰एम॰ आरिफः

श्री के॰ सुधाकरनः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने स्वदेश दर्शन के अंतर्गत आध्यात्मिक, ग्रामीण और पर्यावरण-पर्यटन विषयों के अंतर्गत केरल में छह एकीकृत सर्किटों को मंजूरी दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार को स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत केरल के तटीय सर्किट को शामिल करने संबंधी कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या निर्णय लिया गया है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) केरल राज्य के एर्नाकुलम जिले में उन पर्यटन स्थलों का ब्यौरा क्या है जो उपरोक्त सर्किट के अंतर्गत कवर किए गए हैं; और

(ङ) अलाप्पुझा सहित केरल में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत आध्यात्मिक सर्किट के विकास के लिए कितनी निधि आवंटित की गई है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ड.) : मंत्रालय द्वारा देश में स्वदेश दर्शन योजना- थीम आधारित पर्यटक परिपथों का एकीकृत विकास के अन्तर्गत केरल में स्वीकृत परियोजनाओं के साथ उनकी स्थिति का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

योजना के तटीय सर्किट विषय के तहत केरल राज्य सरकार का कोई प्रस्ताव मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है।

एर्णाकुलम जिले में विकास हेतु लिए गए गंतव्यों में शामिल हैं: थिरूमुप्पम महादेव मंदिर, मुस्लिम जुमा- अथ मस्जिद, संत मेरी वासिलिका चर्च, मार बेहनन दयारा का गिरजाघर, मूझिकुलम श्री लक्ष्मण पेरुमल मंदिर, पायामल श्री शत्रुघ्न स्वामी मंदिर तथा संत थॉमस चर्च।

****

अनुबंध

केरल के लिए एकीकृत पर्यटन सर्किट के सम्बन्ध में दिनांक 25.11.2019 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1195 क भाग (क) से (ड.) के उत्तर में विवरण

केरल में स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाएं:-

(करोड़ रु. में)

क्र . .सं	**परिपथ** /स्वीकृति का वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	निर्मुक्त राशि	पूर्ण होने की स्थिति
1.	इको परिपथ 2015-16	इडुकी और पथनमथिट्टा जिलों में पथनमथिट्टा - **थेक्काड़ी** का- **वागमोन** - **गावी** विकास	**76.55**	**61.24**	**90%**
2.	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	पाथानामथिट्टा जिला में सबरीमाला- **एरुमेलि- पम्पा** सन्नीधानम का विकास	**99.99**	**20.00**	**0%**
3.	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	आध्यात्मिक परिपथ के अन्तर्गत श्री पदमनाभ अरनामुला - सबरीमाला का विकास	**92.22**	**72.42**	**80%**
4.	ग्रामीण परिपथ 2018-19	मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	**80.37**	**0.00**	**0%**
5.	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	शिवगिरी श्री नारायण गुरु आश्रम- अरुविपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रह्मणिया- चेम्बजंती श्री नारायण गुरुकुलम का विकास	**69.47**	**0.00**	**0%**
6.	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	आध्यात्मिक परिपथ के अन्तर्गत कासारागोड, वायनाड, कन्नूर, कोझिकोड, पल्लक्काड़, मल्लपुरम, त्रिचूर, एर्णाकुलम, इडुक्की, कोट्टयम,अल्लपुझा, पथानमथिट्टा, कोल्लम, त्रिवेंद्रम का विकास	**85.23**	**0.00**	**0%**
		कुल	**505.83**	**153.66**	

****